दिनांक 25.08.2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

नेहरू नगर चौक का हो रहा सौंदर्यीकरण

भिलाईनगर। नेहरू नगर चौक को नया स्वरूप प्रदान कर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की आदमकद प्रतिमा एवं मदनवाड़ा में शहीद हुए प्रदेश के जवानों का स्मारक स्थापित किया जा रहा है। चौक में प्रदेश की सबसे घड़ी स्थापित कर फव्वारा के साथ आकर्षक बनाया जा रहा है।

शहर के सबसे व्यस्ततम चौक नेहरू नगर का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है , आवागमन के लिए एप्रोच रोड बनाने के साथ नेहरू जी की प्रतिमा को भी सड़क के बीच से हटाकर किनारे पर व्यवस्थित किया गया है , इससे चौक पर ट्राफिकन दबाव नियंत्रण करने में सहुलियत मिलेगी। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों का आज महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने निरीक्षण किया सभी प्रोजेक्ट शीघ्र ही पूरा करने के निर्देश दिए ताकि नागरिकों सुविधा का लाभ शीघ्र ही मिल सके।

महापौर श्री पाल एवं निगम आयुक्त श्री व्यास हुडको में तैयार हो रहे क्रिकेट ग्राउण्ड का निरीक्षण करने पहुँचे और क्रिकेट ट्रेक , बाउंड्रीवाल, रात्रि में खेल के लिए हाईमास्क लाईट तथा परिसर में बने हुए डोमशेड को उदघाटन के लिए शीघ्र तैयार करने जोन 05 के अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने नेहरू नगर चौक के किनारे चल रहे सौंदर्यीकरण विकास कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे जहां चौक किनारे फव्वारे , शहीदों के स्मारक सहित अन्य कार्यो का जायजा लिए और सभी कार्यो को गुणवत्तापूर्वक करने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि नेहरू नगर चौक नेशनल हाईवे होने की वजह से यहां से रोजाना भारी संख्या में वाहनों का आना जाना लगा रहता है, जिसके कारण शाम के समय ट्राॅफिक का दबाव बढ़ जाता है इसे देखते हुए महापौर ने चौक का विस्तारीकरण के साथ सौंदर्यीकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किये थे। इसी तारतम्य में अधिकारियों ने नेहरू नगर चौक की विस्तृत प्लानिंग कर कार्य शुरू किए और शीघ्र ही इसके जनता को समर्पित करने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रहे है। सौंदर्यीकरण के बाद नेहरू नगर चौक से गुजरने वाले नागरिकों को चौक का नये कलेवर पहले और ज्यादा आकर्षक दिखाई देगा तथा चौक के चारो ओर से अतिक्रमण हट जाने से वाहन को सड़क पार करने के लिए पर्याप्त जगह भी मिलेगी जिससे गाड़ियां जाम में नहीं फंसेगी। महापौर एवं आयुक्त ने शांतिनगर फुटबाल मैदान, डबरापारा चौक, पाॅवर हाउस में बन रहे बीपीओ सेंटर का भी निरीक्षण कर कार्य की प्रगति से अवगत हुए।